Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct a road by pass at Lalganj, Raniganj, Ajgara, and Mohanganj at National Highway No. 231 in Pratapgarh, U.P.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): धन्यवाद सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आज अपने लोक सभा क्षेत्र-प्रतापगढ़ के मध्य से गुजरने वाले एनएन-231 लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में माननीय भूतल परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । इस मार्ग पर एनएच के निर्धारित टोल स्थापित होने के बावजूद भी सुविधा नदारद है । मेरे लोक सभा क्षेत्र की बड़ी बाजार, तहसील मुख्यालय-लालगंज, रानीगंज, अजगरा, मोहनगंज अधिकांश हिस्सों में थ्री-डी होने के बावजूद भी बायपास का निर्माण विगत 10 वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है और उसके चलते लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं ।

अत: मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूं कि एनएच-231 के तहसील मुख्यालय-लालगंज, रानीगंज, अजगरा, मोहनगंज में बायपास का तत्काल निर्माण कराने का कष्ट करें ।

माननीय सभापति: माननीय सदस्यगण, मेरे पास 50 माननीय सदस्यों की सूची है । मैं चाहता हूं कि सभी को बोलने का अवसर मिले । अत: स्वाभाविक रूप से एक मिनट से अधिक का समय नहीं दिया जा सकेगा ।

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): महोदय, एक मिनट में हम अपनी पूरी बात कैसे रख पाएंगे?

माननीय सभापति : दानिश जी, मेरी बात सुनिए । आप सभी केवल एक मिनट में अपनी बात कहें, अन्यथा आपका माइक ऑटोमैटिकली आपको बोलने से रोक देगा ।